तर्क, खोज या प्रमाण/का सामान्यत: अभाव रहता है । बस इनको एक मौका होता है, बोलते रहते है ।

अधिकार सम्पन्न, मिडिया के खौफ से/ उससे लाभ लोभ से कुछ नहीं कहते, बोलते, अन्य हमलोग तो सिर्फ कान रखते हैं । हमारे पास अभिव्यक्ति का/इनके दुर्व्यवहार के प्रतिकार का कोई उपाय नहीं होता ।

आवश्यक अनुशासन एवं आत्मानुशासन के साथ स्वतंत्रता मूल मंत्र है ।

मिडिया

- मिडिया द्वारा घटना/समस्या का अतिकरण खतरनाक है ।
- 'लघुकरण' और 'अतिकरण' करने की क्षमता इन्हें राजनीति में दखलदांजी करने का मौका दे देता है ।
- पीत-पत्रकारिता, मिडिया ट्रायल होने लगता है।
- निराकरण; आत्मबोध या 'किसी' के प्रति जबावादेही आवश्यक है।

चिंतन

दलगत राजनीति : सरकार का निर्माण

संवैधानिक प्रश्न है: -

चुनाव आयोग किसे विजयी घोषित करती है, सिर्फ व्यक्ति को या पार्टी को ?

व्यक्ति का पार्टी से या पार्टी का गठबंधन से बंधन का कानूनी स्वरूप क्या है ।

जब गठबंधन चुनाव के पहले घोषित/ लिखित है तो बाद में यह वाध्यकारी कैसे नहीं है ।

इसको Implement करने का क्या उपाय है/हो सकता है ?

एक वोट से दो निर्णय लेना मूलत: गलत है इसकी कोई वैधानिक व्यवस्था नहीं है ।

- एक वोट से एक निर्णय की व्यवस्था करनी होगी ।

पार्टी या गठबंधन के वैधानिक प्रावधान बनाने होगें ।

चितंन

1. दलगत राजनीति : गठबंधन

न आचार का, न विचार का सिर्फ अवसरवाद का, बिना पेंदें का लोटा है ।

जब मर्जी टूटता है ।

जब मर्जी जुटता है ।

नीति विहीन है, चरीत्र से हीन है ।

लचर है ।

न कोई सबंध है, न कोई बंधन है ।

कुर्सी की ही गांठ है, सिद्धांत तो बेइमानी है ।

जिसे निश्चित रूप से नहीं चुना उस की सरकार है ।

गठबंधन सरकार है ।

जनमत का क्या दरकार है ?

73

दलगत राजनीति – सरकार निर्माण और जनमत

एक उदाहरण महाराष्ट्र – 2019 चुनाव

- महाराष्ट्र के लोगों ने अपना प्रतिनिधि चुन लिया फिर भी सरकार तुरंत नहीं बनी – दलगत राजनीति के कारण ।
- एक कनीय पार्टी कम सीट लाकर भी बहुमत एवं जनमत का हाथ उमेठता रहा ।
- एक राज्य में एक बार एक निर्दलीय व्यक्ति अपनी स्थिति का लाभ उठाकर मुख्यमंत्री बन गया अरबों – खरबों का घोटाला हुआ ।
- हम सब क्या कर पा रहे हैं, क्या कर पाए थे, आगे भी इसी प्रकार हमारा वोट मजाक मात्र रहेगा – दलों के कारण ही तो !

74

दलगत राजनिति – सरकार निर्माण और जनमत

किसी पार्टी के नेता का पुत्र/पत्नी होने के कारण C.M./P.M. बन जाता है जिसको जनता का कोई समर्थन नहीं होता ।

- उचित लगता है ? लोकतांत्रिक है ?

ऐसी गलत अलोकतांत्रिक सम्भावना बनती है, सिर्फ दलगत राजनिति के कारण ।

पहले भी कई राज्यों में (बिहार में भी) ऐसी स्थिति हो चुकी है ।

75

दलगत राजनीति पर हम लिख चुके हैं । महाराष्ट्र में चुनाव एक सरकार के निर्माण का उदाहरण हमारी मान्यताओं का वास्तविकताओं का सीधा और स्पष्ट प्रमाण है।

76

दलगत राजनिति : सरकार निर्माण और जनमत

महाराष्ट्र में सरकार बनने के नियामक (घटक) :

BJP, Shivsena, NCP और Congress पार्टी;

न चुनाव आयोग, जिसने कुछ गठबंधनों पर चुनाव लड़वाये, न महाराष्ट्र की जनता ।

महाराष्ट्र, की जनता अब सिर्फ मुंह ताक रही है ।

कोई संवैधानिक व्यवस्था कारगर नहीं है कि जब प्रतिनिधि चुन लिए गए हैं तो सरकार क्यों नहीं बनेगी ।

प्रतिनिधि चुन लिए जाने के बाद भी सरकार का निर्माण नहीं होना संवैधानिक विफलता और संकट है । दलगत राजनीति के कारण ही तो !

77

दलगत राजनीति : सरकार निर्माण और जनमत

कई बार सरकार निर्माण हमारे संविधान एवं इसके रखवाले की भयानक विफलता के रूप में सामने आई है ।

लोकतंत्र के लिए CRISIS है।

- यह स्पष्ट संवैधानिक प्रावधान होना ही चाहिए कि आम जनता व्यक्ति को चुनती है ।
- यह घोर अनैतिक, असंवैधानिक, अलोक-तांत्रिक है कि वोट पार्टी/गठबंधन के नाम पर लिए जाएँ और बाद में समीकरण बदल दिए जाएँ ।
- जन प्रतिनिधि को झुण्ड में होटलों में बंधकों (भेड़ों) की तरह पार्टी के नेता के गुलामों की तरह रखा जाना जनतंत्र कैसे हो सकता है?
- जनता ने पार्टी के चीफ को वोट न देकर हर अलग-अलग व्यक्ति को दिया था। पार्टी किसी की (नेता की) नीजी सम्पति नहीं होती।

अपनी सरकार का निर्माण करें ।

सामूहिक सोच का निर्माण करें !!

78

दलगत राजनीति

- महाराष्ट्र के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि सरकार निर्माण में जनता के मत से कोई सामंजस्य नहीं है ।
- चुनाव पूर्व समीकरण से अलग कोई भी सरकार पुर्णत: असंवैधानिक, है, गैंगतंत्र है ।
- सविधान के रखवाले संरक्षक को स्वत: संज्ञान लेकर इसपर राष्ट्रहित में, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए, नैतिक और राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व को निभाना चाहिए था ।

एक प्रभावी, दूरगामी, देश हित में निर्णय/आदेश पारित करना चाहिए था ।

दल-बदल, खरीद-फरोख्त से अच्छा है राष्ट्रपति शासन/समयानुसार पुन: चुनाव करने में भी कोई हर्ज नहीं है ।

सामूहिक सोच का निर्माण करें !!

79

दलगत राजनीति :

सरकार निर्माण : जनमत

- न जनता (का मत)
- न चुनाव आयोग का (जिनके तहत चुनाव कराये गए)
- न संविधान रक्षक-न्यायपालिका एवं विधायिका का कोई महत्व है।
- सत्ता (नहीं पैसे) का ऐसा बन्दर-बाँट और सभी निर्णायक घटकों का प्रभावहीन रहना अत्यंत घातक है ।

जनतंत्र मर रहा है ।

सामूहिक सोच का निर्माण आवश्यक है ।

80

दलगत राजनीति : सरकार निर्माण

जन सामान्य के लिए सन्देश ?

1. किसी भी तरह हो सत्ता पद/लूटो ।
2. नैतिकता, नियम, रिती-रिवाज (न्याय-पालिका भी) बातें है बातों का क्या ?
3. यह सब कमजोर और जन सामान्य के लिए है।
4. कोई देखने वाला नहीं है ।
5. एक अलग शासक वर्ग बन चुका है ।
6. जन साधारण से उसका कोई सरोकार नहीं है।
7. ऐसी घेराबंदी बना दी गयी है कि उसमें उत्तम व्यक्ति, नौकरी पेशा, इंजिनियर, डॉक्टर इत्यादि नहीं जा सकते, वकील, शिक्षक, व्यवसाय अन्य कोई रोजगारवाले पहले इस्तिफा नहीं देते और सत्ता का खूब दोहन करते हैं।
8. यदि हम नहीं चेते तो अनर्थ अवश्यम्भावी है ।

81

दलगत राजनीति : बंद/धरना/रैली

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक माखौल बन गया है एवं उसकी भावना के प्रतिकूल है।

संभ्रातों का चुप रहना अपराधिक है ।

अराजकता, आतंकवाद में परिवर्तित हो गया है ।

'बंद'करवाने की शक्ति आतंक फैलाने की शक्ति है, इसे कोई स्वीकार नहीं करता ।

'बंद'/धरना आदि दलगत-राजनीति, अशिक्षा, बेरोजगारी, नेता बनने की मिली-जुली अभिव्यक्ति है ।

जो कानून 2014 तक आ चुके शरणार्थियों के लिए है, जो बहुत बड़ी संख्या में भी नहीं हैं उनके लिए है, फिर इसे धर्म/संविधान के उलट मानना सिर्फ जबर्दस्ती है ।

एक शस्त्र की तरह दूसरे को चुप कराने का उपाय है।

82

दलगत राजनीति : CAA, NCR

मुझे नहीं लगता दुनिया का कोई ऐसा देश होगा जिसके पास अपने नागरिकों की सूचि नहीं होगी ।

नागरिकता सूचि के बिना किसी को कानूनी, संवैधानिक अधिकार, आर्थिक सुबिधायें इत्यादि का क्या आधार हो सकता है ?

83

दलगत राजनीति : CAA, NCR

पहले से ही अत्याधिक घनत्व वाले (person/sq.km. जो भारत में चीन से लगभग तीन गुना ज्यादा है), इस देश में जब भी कोई बसता है तो सिर्फ वास्तविक (Bonafide) नागरिक की रोजी-रोटी छीनता है, उसकी जमीन कब्जा करता है, उसी के आर्थिक वजूद का बटवारा होता है ।

अपने को स्थापित करने के लिए ये घुसपैठिये हर प्रकार से वास्तविक (Bonafide) नागरिको के साथ के कुकर्म, आतंक, सामूहिक कत्लेआम, लूट मार कुछ भी करते हैं । इनका समर्थन देने वाले नेता कभी कोई तर्क, कोई आधार नहीं देते सिर्फ कहते हैं केन्द्रीय कानून को नहीं मानेगें । ऐसा कहना/करना कैसे संवैधानिक है ।

भारतीय नागरिको की कीमत पर विदेशियों की मद्द ज्यादा एवं जल्दी करना कैसे देश द्रोह नहीं है । सत्ता में रहने वाले जल्दी देशद्रोही हो सकते हैं।

84

दलगत राजनीति : CAA, NCR

जब दोनों सदनों में सभी को अपनी बातें रखने का मौका मिला, फिर पास हुआ तो इसे राजनैतिक दलों द्वारा नकारने से बड़ा असंवैधानिक बात और क्या हो सकता है/इन्हें पुन: Media के मंच पर सत्ता पक्ष के साथ समय मिलना चाहिए और बिना आधार /तर्क/सबूत के दिए गए वक्तव्यों के कारण हुई हिंसा और क्षति के लिए जिम्मेवार ठहराते हुए त्वरित सजा मिलनी चहिये ।

अराजकता फैलाने वाले लोग प्रजातंत्र का गला घोंट रहे हैं । क्योंकि इनके पास एक दल है; सीधा-सीधा गैंग है । जिसकी जिह्वा सिर्फ सत्ता के लिए लपलपा रही है, चाहे वो देश विभाजन कर हो या इसे जलाकर हो ।

बूंदें

85

दलगत राजनीति

- सामूहिक प्रगति में सबकी प्रगति सुनिश्चित है।
- 'सामूहिक सोच' दिशा निर्धारण के लिए आवश्यक है।
- संकल्पित हों, अन्यथा 'कुछ लोग' सामूहिक हित को नष्ट कर देंगें।
- केरल विधानसभा में CAA के बिरुद्ध प्रस्ताव पारित करना भारतीय संघीय व्यवस्था को खुली चुनौती है।
- कल बंगाल में भी ऐसा ही होगा–हुआ।
- इसका कारण व्यक्तिगत महात्वाकांक्षा और दलगत दुश्मनी है।
- ऐसा सिर्फ दलगत राजनीति के कारण हुआ है।

आप भी सोचें और निर्णय लें।

बूंदें

86

तलाश

दलगत राजनीति : जातिगत राजनीति

- ❑ दलदल की विशेषता है: निकलने की जितनी कोशिश उतनी ही मुश्किल।
  पिछले बिहार चुनाव का सवक।
- ❑ सभी दलों के टिकट का मुख्य आधार जाति/धर्म।
- ❑ मंत्रिमंडल निर्माण का आधार जातीय समीकरण।
- ❑ विधान सभा अध्यक्ष का चुनाव जातीय संतुलन (जैसा मिडिया से आम जन को समझ में आता है।)
- ❑ जातिगत व्यवस्था या उसका विचार और गहरे और गहरे जड़ें जमा रहा है।
- ❑ सामाजिक जीवन में सरकार या अन्य एजेसिंयों के कार्य में एक बड़ा कारक है जाति।
- ❑ लेकिन कहते हैं जातीयता गलत है।

बूंदें

87

आजादी

आजादी, स्वावलम्बन एवं संप्रभुता, राष्ट्रीय (सामूहिक) जीवन का आदर्श एवं उद्देश्य है।

ये बहुत मूल्यवान (मंहगे) हैं।

इसके लिए बहुत मूल्य (रक्त भी) चुकाना पड़ता है। (चुकाना पड़ा है)

'स्वशासन', शासित होने से बहुत ज्यादा कठिन हैं।

ये तभी मिल सकते हैं जब आप दूसरों के लिए भी इसे सुनिश्चित करें।

सिर्फ अपने लिए आजादी/सम्प्रभुता सम्भव नहीं है।

बूंदें

88

आजादी

आजादी, अभिव्यक्ति, हिंसा; इसकी परिभाषा (समझ) सुनिश्चित करनी पड़ेगी।

सभी चीजों की सीमा भौगोलिक हो या आभासीये, दूसरे की सीमा से सटी होती हैं।

हर क्षेत्र की चौहद्दी होती है।

अपनी चौहद्दी के अन्दर आप स्वतंत्र हैं।

उसके बाहर तो नहीं।

देश/समाज को नुकसान पहुँचाने वाली सभी अभिव्यक्तियों का/प्रमाण/जिम्मेवारी होनी चाहिए।

89

आजादी

आजादी और अराजकता में फर्क तो करना पड़ेगा।

अपनी राजनैतिक लिप्सा/महत्वाकांक्षा के लिए बिना सीमा की आजादी और बिना सबूत/आधार/अंर्तनिर्हित तर्क/उद्देश्य के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सिर्फ दूसरे की आजादी का हनन है। चाहे देश ही दांव पर हो, हर कोई नहीं बोल सकता है, न उसे अवसर है, न उपाय। दल/गैंग के लिए कोई रोक नहीं है।

90

आजादी

इसको हथियार के रूप में इस्तेमाल कर वे देश की प्रगति, स्वतंत्रता, एकता, को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं

अत: देशद्रोही बातों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा में भी फर्क करना आवश्यक हो गया है। निरपेक्ष, निस्वार्थ, बुद्धिजीवियों का सुविधाभोग से निकलकर सामूहिक आवाज बुलंद करना आवश्यक हैं।

एक नियामक संस्था का रूप लेना चाहिए।

91

संकट

संवैधानिक संकट/राष्ट्रीय संकट

केन्द्र (संसद) के फैसले के विरुद्ध केरल विधान सभा फैसला लेती है ऐसा ही अन्य राज्य करते हैं।

पंचायत स्तर पर भी संसद के फैसले की समीक्षा होगी।

संसद के मायने ?

न्यायपालिका का रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्य पर निर्णय सुनाना और उसका हर ऐसी छोटी-छोटी बातों में संलिप्त रहना लोकतंत्र के प्रमुख तंत्र की विफलता का सीधा प्रमाण/उपज है।

92

संकट: मिडिया

राष्ट्रीय संकट में भी मिडिया का उचित-अनुचित का ध्यान न रखना और न्यायपालिका की तरह अपने को संप्रभु मानना भी एक बड़े संकट को जन्म दे चुका है।

हर राजनीतिज्ञ और राजनैतिक दलों का सिर्फ वोट बैंक के अनुसार ढलने एवं निर्णय की मजबूरी (दलगत राजनीति के कारण) एक अप्रत्याशित राष्ट्रीय संकट उपस्थापित कर चुका है।

93

संकट

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी प्रकार की कोई मर्यादा का पालन नहीं, कुतर्को के सहारे नहीं पचने वाली बात और भाषा एक अलग आसन्न राष्ट्रीय संकट है; क्योंकि हर कोई और नीचे जाने में कोई संकोच नहीं कर रहा है।

जनता का राष्ट्रीय और सामूहिक हित की बात छोड़कर, मुफ्त का टी० वी०, मुफ्त का बस में सफर, यह और वह मुफ्त (कहाँ से ?) वोट की वेदी पर सबकुछ कुर्वान करना भी बहुत बड़ा संकट है ।

94

संकट

हर घर से अफजल पैदा होगा (अफजल ने किसी व्यक्ति पर नहीं संसद पर हमला किया था) भारत तेरे टुकडे होंगे, के फड़कते नारों के बल पर राष्ट्रीय पार्टियों में मान एवं स्थान पाना और उसे इसी बात के लिए तरजीह देना कि 'हिम्मती' है एक संकट ही हैं ।

हमारी बनायी संस्थाएँ जब विफल हो रही है/हो चुकी है हमें ही नयी संस्थाएँ, तरीके, मानक और आदर्श स्थापित करने होंगे ।

क्रमशः

95

संकट

अयोध्या मामले में असली समाधान सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं, दोनों पक्षों की परिपक्वता है ।

कितना सुकून है !

370 हटाये जाने की सफलता जनता की परिपक्वता के साथ अवांछनीय तत्वों का सलाखों के पीछे होना और फौलादी इरादा दोनों है ।

देश के लिये अत्यावश्यक CAA, NCR की सफलता भी इन्हीं बातों पर निर्भर करता है ।

मुझे नहीं लगता कि कोई भी इस देश के निवासियों (हिन्दू/मूसलमान/किसी) में कोई ..... .भेद भाव करने की सामर्थ्य रखता है, या यह सम्भव है या करना चाहता है, कल्पना में भी ऐसा सोचना सिर्फ गलत सोच है ।

सोच की ही वेइमानी/खराबी है ।

क्रमशः

96

संकट

16 से 20% कभी भी व्यवहारिक रूप से अल्पसंख्यक नहीं हो सकता है –

क्योंकि शायद ही किसी अन्य तबके की संख्या इससे ज्यादा है । (जाति है, अगड़ी और पिछड़ी है, SC और ST है ।) यह वर्गीकरण सभी भारतियों को समरस होने से रोकता है ।

धर्म/और राजनैतिक पार्टी के ठेकेदार, वस्तुतः धर्म की सियासत करने वाले, अपनी गद्दी की सम्भावना देखते हैं ।

उन्हें चिन्हित एवं दण्डित करना आवश्यक है।

तोड़ने वालों में तो मुसलमानों से ज्यादा हिन्दू हैं।

मुझे अफसोस है एवं क्षमा प्रार्थी हूँ कि हिन्दू/मुसलमान की बात की । तलाश में सभी एक जैसे-माननीय एवं प्रिय देशवासी हैं ।

बाहरी देश/ताकतें हमें आर्थिक, सामरिक रूप से कमजोर रखना चाहते हैं; अतः आंतरिक मामलों में बयान देते है ।

हमें संप्रभु होने के लिए आर्थिक/सामाजिक मजबूती चाहिए ।

97

अन्यान्य

हम और आप

समझ से परे : प्रदूषण

1. दिवाली में पटाखें न चलायें यह सुरक्षा के लिए अच्छा, आवश्यक और सराहनीय सन्देश है ।
2. स्कूलों में बच्चों को say 'No' to cracker, लेकिन बड़ों के सभी उत्सव वाले मौको पर, ओलम्पिक हो या राष्ट्रीय उत्सव खूब आतिशबाजी होती है । और उनका मनमोहक दृश्य टी० वी० इत्यादि माध्यमों से खूब प्रचारित किया जाता है ।

98

समझ से परे : प्रदूषण

I. दिवाली में, हर प्रकार के आयोजनों में होने वाली आतिशबाजी से, दिनरात धुएं निकलने वाली चिमनियों से, लाखों AC के चलने से, गाड़ियों एवं मशीनों में पेट्रोलियम जलाने से प्रदूषण नहीं फैलता ? इनपर रोक नहीं लगती।

II. शहरों में नालों की सफाई एवं कूड़ा कर्कट के मैनेजमेंट पर अरबों रुपये सरकार खर्च करती है ।

III. मजबूर और कमजोर किसानों पर पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाती है और उन पर दण्डात्मक कार्रवाई की बात करती है । उसका जिम्मा नहीं लेती ।

99

किसान अभी भी गुलाम हैं ।

- किसान, स्वास्थ्य सेवा से कोसों दूर परन्तु 'स्वास्थ्य कर' देते हैं ।
- शहरी लोग कोई स्वास्थ्य टैक्स नहीं देते, उन्हें हर स्तर की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है ।
- नौकरी-पेशा लोग, समर्थ एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ उठाने की स्थिति में रहने के बाद स्वास्थ्य भत्ता पाते है ।
- किसान हर स्तर की शिक्षा से कोसों दूर, 'शिक्षा कर' देते हैं |
- शहरी लोगों को हर स्तर की शिक्षा सुलभ, परन्तु कोई 'कर' नहीं–कई नौकरी-पेशा को बच्चों की शिक्षा के लिए Donation तक देने का प्रावधान है । city allowance भी मिलता है ।

100

किसान अभी भी गुलाम हैं ।

- सभी प्रकार के सभी स्तर के उत्पादक अपने उत्पाद का दाम स्वयं तय करते हैं । किसान अपने उत्पाद का दाम तय करने में असमर्थ हैं और सरकार उनका Minimum Price तय करती है ।
- उद्योगों को सस्ती बिजली, किसानो से जबर्दस्ती हासिल जमीन, मुफ्त में सड़क एवं अन्य Infrastructure देती है, टैक्स कन्सेसन देती है उनके लिए Industrial area, Special economic zone पर अरबों खर्च करती है किसानों को ? diesel subsidy, seed subsidy का नाटक । उनके दोहन का उपाय है।

101

❑ किसान एक तरफ अंतिम उपभोक्ता (consumer) हैं, वह हर प्रकार एवं सभी स्तर के मुनाफों और भ्रष्टाचार का मूल्य चुकाता है, दूसरी तरफ अपना उत्पाद न्यूनतम मूल्य पर बेचता है जिसे विभिन्न स्तर के व्यापारी जायज नाजायज जमाखोरी/संग्रह इत्यादि द्वारा कई गुना लाभ कमाकर उपभोक्ता को पहुँचाते हैं।

102

अन्यान्य/विचारणीय

कोरोना प्रभाव !

- जो लोग उँगलियों पर परमाणु बटन रख दुनिया को दहशत में रखते हैं, अपने कमरों में बंद हो गये।
- वसुधैव कुटुम्बकम् की तर्ज पर पूरे विश्व को अपना मानते हुये विचरण कर रहा है।
- अदृश्य, निरपेक्षय ''सब एक ही हो'' का पाठ पढ़ा रहा है।
- कोई मतभेद, कोई मतांतर, कोई सीमा रेखा नहीं, न राजनैतिक, न धार्मिक, न वैचारिक, न साम्यबाद/सम्राज्यबाद/फासीबाद-सभी से ऊपर।
- अपने पराये की पहचान भी समाप्त कर रहा है।
- आदमी के अहंकार को उसकी औकात दिखा रहा है।
- सिरिया, इजरायल युद्ध से ज्यादा असरदार।
- आतंकबाद से बड़ा आतंक।

103

कोरोना प्रभाव !

मान्यताओं/विश्वासों से ऊपर विज्ञान और तर्क में विश्वास कायम करने में सक्षम।
मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, देवालय, पूजा स्थल सब बंद।
भोज बंद, शादी/अन्य सम्मारोह बंद।
रिश्तेदारियाँ बंद,
होटल बंद, यतायात बंद।
स्कूल बंद, कॉलेज बंद, फैक्टरी बंद,
कार्यालय बंद, कानून और न्याय भी बंद,
सब घर के अन्दर, केवल कोरोना ही बाहर-
शासन, प्रशासन भी बंद,
सिर्फ कोरोना का ही शासन है।
कोरोना का सन्देश बिलकुल स्पष्ट है।
दुनिया के लोग (आदम जात), सभी भेद मिटाकर एक हो जाओ।
तुम्हारी (आदम जात की) लड़ाई एक दूसरे से नहीं;
दूसरे जीवन स्वरूप से होने वाली है।

104

तलाश

कोरोना

मानव शरीर विचारों का एक instrument है।
युद्ध शरीर का नहीं विचारों का होता है।
द्वितीय विश्वयुद्ध नस्ल-वाद और उसके लिए दूसरों का संहार, लोगों पर अपनी महत्वाकांक्षा थोपने के विरुद्ध था।
विजेता विजित के यहाँ जमे नहीं रहे। अपनी-अपनी जगह लौट गए।
कोरोना की खोज, इसका इस्तमाल कर मानव (देश) को मजबूर कर उसका आर्थिक दोहन एवं पृथ्वी के भूगोल पर कब्जा, लोगों को अपने आगे शीश झुकाने के लिए मजबूर करने की मंशा से हुआ। कितना घृणित, मानवता के विरुद्ध कितना भयावह षडयंत्र।

तलाश- एक आन्दोलन : विचारणीय

- कितना स्पष्ट है कि चीन हर तरफ से हमें घेर रहा है फिर भी हम चीनी सामान खरीद रहे है – देशद्रोह ही है ।
- लाभ के लिए गुणवत्ता नहीं देना (जो हमारे सरकारी और गैर सरकारी उत्पादक कर रहे हैं) भी देशद्रोह ही है ।
- सैन्य शिक्षा, तकनीक श्रेष्ठता आर्थिक प्रभुता ही हमें गुलामी से बचा सकता है ।
- गुलामी बहुत कष्टकर है ।
- (स्वर्णमंदिर अमृतसर का म्यूजियम दर्शनीय है ।)

भारत रत्न

कुछ रत्न को धारण कर रत्न को महत्वपूर्ण बना देते हैं ।

कुछ उस रत्न को धारण कर महत्वपूर्ण होना चाहते हैं, ऐसे लोगों से रत्न की चमक कम हो जाती है ।

रत्न तो बिरले होते हैं । वहुतायत होने से रत्न की महिमा स्वत: घट जाती है ।

इसी वजह से वह सही व्यक्ति के पास हमेशा नहीं पहुँच पाती है ।

भारत में आज एक व्यक्ति ने अपने कर्म से भारत ही नहीं पूरे विश्व में लोगों के जीवन में गुणात्मक सुधार किया है । योग का digitalization कर दिया है ।

देश प्रेम एवं राष्ट्रीयता को भी ऊँची श्रेणी में पहुंचाया है ।

विल्कुल अलग क्षेत्र उत्पादन और वाणिज्य में भी चमत्कार दिखाया है ।

शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक गुणात्मक और बिल्कुल खास पहल की । सब कुछ सिर्फ देश के लिए ।

इस रत्न की पहचान भारत रत्न की बौछार करने वाले को नहीं है ।

तलाश : देश का असली दोष

- राष्ट्रपति पुतिन एवं राष्ट्रपति ट्रम्प सीधी कुश्ती कर फैसला क्यों नहीं कर लेते ?
- राष्ट्राध्यक्ष शी० जिन पिंग और मा० प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भी ढिशुंग-ढिशुंग कर फैसला कर लेते ।
- औरों की बात मैं नहीं जानता परन्तु मेरे परमदरणीय नरेन्द्र मोदी जी तो बिल्कुल पिट जायेगें क्योंकि जब भी सीधी लड़ाई होगी, यहाँ एक वाम पंथ होगा जो नरेन्द्र मोदी का वायां हाथ पकड़े रहेगा, एक दक्षिण पंथ होगा जो उनका दायां हाथ मजबूती से पकड़ेगा । एक भारत टुकड़े-टुकड़े गैंग होगा जो उनका एक पैर पकड़ेगा और दूसरा कटट्रवादी, आंतकवादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वाले । वेचारे मोदी कबतक सर धुनेगें। जिन पिंग का हाथ पैर सबकुछ स्वतंत्र होगा, पूरा शरीर चुस्त और दुरुस्त और एक होगा ।
- यदा-यदा ही धर्मस्य.....

तलाश

भारत में असली जनतंत्र है ।
कहीं कोई दबाव कोई बंधन नहीं।
मन है तो चिकित्सक अस्पताल आयें ।
मन हो और यदि खुद आता हो तो शिक्षक स्कूलों, कॉलेजों में पढ़ाये-अन्यथा ट्यूशन करें, कोचिंग करें। मन हो तो विधार्थी आयें और पढ़े अथवा कोचिंग करें । मस्ती करें । राजनीति के दाव आजमायें ।
अभियंता भी कुछ 'अतिरिक्त' के लिए करें, अथवा 6 माह का कार्य 6 साल में होगा – 100 रु० का काम 1000 में होगा ।
लिपिक वर्ग तो असली शासक है, उनके अनुभव, हथकंडे और तरीके हैं ।
चर्तुथ वर्ग के हाथों में झण्डे हैं। मुंह में नारे हैं ।
कुछ तो शासक हैं । निर्णय इनके ऊपर वाले लें, कार्य इनके नीचे वाले करें ।
नेता पहले कुर्सी पर काबिज तो हों, और उसपर उनकी अनवरत पकड़ और स्थिरता तो हो जाये फिर... ... करेगें ।

भारत में भगवान का निवास हैं ।

तलाश

- अपने शरीर के मालिक और उपभोक्ता हम हैं अतः इसका, हर अंग स्वस्थ्य और सही कार्य कर रहा है 'हमें' ही देखना है।
- भारतीय संसद की इतनी भद्द कभी नहीं हुई। संसद के अन्दर कुछ भी चलेगा, सीमाहीन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी, परन्तु बाहर तो संसद ही चलेगा अन्यथा यह है ही क्यों ?
- ❑ भारत में राज्यों का ढीला ढाला ऐच्छिक Federationn नहीं है। एक सशक्त केन्द्र है। अखण्ड है।
- ❑ देश की सम्प्रभुता, सुरक्षा के आगे और कोई 'आजादी' नहीं होती।
- ❑ आज संसद के कानून को केरल में, बंगाल में अमान्य करते हैं ऐसा कैसे सम्भव है। (Concurrent) समवर्ती विषय अलग है।
- ❑ वह दिन दूर नहीं जब एक जिला पर्षद एक पंचायत, संसद के किसी कानून को अमान्य करने लगेगा।
- ❑ कड़े कदम भारतीय संघ के जिन्दा रहने के लिए आवश्यक है।
  'हमे चाहिए आजादी' अभिव्यक्ति की सीमाहीन स्वतंत्रता के टुकड़े-टुकड़े करना आवश्यक है।

तलाश : लोकतंत्र की तलाश

- U.S.S.R. में साम्यवाद था - मिखाइल गोर्वाचेव के शासनकाल में 'ग्लास्नोस्त' में उदारवाद/ लोकतंत्र की वयार चली U.S.S.R. खण्डित-खण्डित हो गया।
- आज पुतिन के शासनकाल में उनके धुर विरोधी को बिष दिया गया।
- चीन में साम्यवाद ? पिछली दो (2) पीढ़ी से आर्थिक उवारवाद (लोकतंत्र ?)
- ❑ पूरे विश्व के धानिकों में चीन अग्रणी है।
- ❑ शी जिन पिंग के शासनकाल में दुनिया को कोरोना का उपहार - उसे छुपाना कमतर आकना। दुनिया को सावधान करने वाला चिकित्सक गायब।
  दुनिया के संकट पर खूब कमाई करना साम्यवाद है न !
- ❑ जैक मा० (अलीबाबा) का सरकार विरोधी हल्का सा रुख और विश्वपटल से गायब हो गए।

तलाश : लोकतंत्र की तलाश

- लोकतंत्र का **ICON, USA** में संसद का ही घेराव हो गया, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, नए राष्ट्रपति की घोषणा रुक गयी।
- तथाकथित किसान आन्दोलन ने भारतीय लोकत्रंत को बंधक बना रखा है। यहाँ की तो बात ही नहीं, शाहीन बाग हो, ममता बनर्जी का बंगाल हो, राजनैतिक पार्टी हो, बाहुबली हो लोकतंत्र कुछ लोगों के जूते की नोक पर!

क्रमशः

तलाश : लोकतंत्र की तलाश

- 'लोकतंत्र' पर गहन पुर्नविचार आवश्यक है। राजतंत्र, साम्यवाद, लोकतंत्र की सीढ़िया पार कर नये सामजिक शासन व्यवस्था की आवश्यकता दिख रही है।
- किसके जिम्मे है लोकतंत्र ? लोगों के ? रा० ट्राम्प के ? किसान नहीं होते हुए भी किसानों के नेता पर या फिर किसी शाहीन बाग पर।
- हर जगह न्यायतंत्र भी उपस्थित तो था ही।
- दलविहीन राजनीति ही अगली कड़ी है।

113

तलाश : गरीबी और बेरोजगारी

- भारत में इनका निरंतर निवास समझ से परे है।
  यहाँ रोज बढ़ती आवादी के अनुपात में सड़के बनी नहीं,
- हर साल बाढ़ लाने वाली नदियों का पाट बना नहीं,
- इनके किनारे पार्क बने नहीं।
- हर खेत को पानी मिला नहीं।
- दिल्ली, मुंबई मद्रास में भी बाढ़ रोकने के उपाय हुए नहीं।
- उच्च स्तरीय शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन सबको मिला नहीं।
- हर जगह, हर कार्य के लिए उर्जा/बिजली उपलब्ध हुआ नहीं।
- पर्यटन विकसित हुआ नहीं,

क्रमशः

114

तलाश : गरीबी और बेरोजगारी

- औद्योगीकरण हुआ नहीं : जीवन स्तर विकसित देशों के बराबर हुआ नहीं।
  यहाँ तो काम ही काम है करने को, फिर बेरोजगारी कैसी ?
- फिर भी काफी सड़के है, बिजली भी है।
- तरह-तरह के कौशल विकाश की शिक्षा है।
  (जिसके पास भी दो पैसे हैं वह उनसे कुछ कर कराकर उसे बढ़ाना चाहता है। सक्रियता चाहता है।)
- दूर देश में रहने वाले एक अभियंता ने मुझे इसके सही मायने बताया।
  ''गरीब/बेरोजगार सिर्फ वही है जो कामचोर या वेईमान हैं''

क्रमशः

115

तलाश : गरीब और बेरोजगारी

कारण कुछ और भी है –लोगों को काम नहीं

'ना-करी' (नौकरी) चाहिए।- 'बिना काम के वेतन चाहिए।

- हमें वोट दे दो, हम दस लाख नौकरी देगें।
- नहीं हमें दो हम बीस लाख नौकरी देगें - - - किसी ने नहीं कहा सबों को देगें।
- हम कुछ करें नहीं, वेतन भत्ते मिलने चाहिए। कहाँ से ?

''हम मनरेगा'' और तरह-तरह के बिना काम के पेंशन देगें।

''हम तुम्हारे कर्जे माफ कर देगें'' तुम्हारे खातों में घर बैठे बिना काम के पैसे जमा करा देगें।

क्रमशः

116

तलाश : गरीबी और बेरोजगारी

तुम्हारी फैक्टरी बंद हो गयी तुम्हें 'प्रोत्साहन' देगें।

सरकारी, गैर सरकारी उपक्रम तुम्हारी बेईमानी और कामचोरी से बंद हो गए, न इनकी जांच करेंगे, न कमियों की पहचान करेंगे, न दोषारोपण करेंगे।

'स्टिमुलस' देगें।

तुम्हारा वेतन भत्ता कम है, जो करते हो उसे भी बंद कर दो, हड़ताल कर दो, बढ़ा देगें।

क्रमशः

117

तलाश : गरीबी और बेरोजगारी

न्यूनतम काम के बिना न्यूनतम मजदूरी दे देगें ।

जो कुछ लोग काम करना चाहते है उन्हें भी वंद करा दो, देगा कैसे नहीं ?

रोजगार तुम्हारा जनतंत्र सिद्ध) अधिकार जो है, संसार में आपके जीवन का भार काम करने वाले, टैक्स भरने वाले क्यों नहीं उठायेगे भला ।

118

तलाश : जागो ग्राहक जागो !

जाग कर क्या करो ?

मुकदमा करो, वकील करो,
छोटी खरीदारी के लिए
मानसिक शांति भंग करो या चुप चाप सहो ।

- MRP से ज्यादा दाम नहीं देने का ?
- MRP ही न मालूम कितने गुणा बढ़ाकर लिखा हुआ है, उसपर दुकानदार मेहरबानी कर छूट दे देते हैं । (घर से ?) कपड़ा, दवाई, कासमेटिक्स कुछ भी हो ।
- एक दवाई का दाम रु० 16500/-, अस्पताल सप्लाई रु० 12500/- तीन लेने पर लगभग 8000/- ।
- कपड़े में भी यही हाल है।
- ग्राहक कैसे जानेगा कि MRP होना क्या चाहिए ?

क्रमशः

119

तलाश : जागो ग्राहक जागो !

- ❒ बड़े-बड़े सेलेब्रेटी (फिल्मी हस्ती, क्रिकेटर आदि) अत्यंत सामान्य उत्पादन का बड़ी-बड़ी फीस लेकर गलत प्रचार करते हैं ।
- ❒ कई बार हानिकारक प्रचार करते हैं जिसके अनुकरण में कई बच्चों की जाने गयी हैं ।
- ❒ हम उपभोक्ता (Consumer) सबका मूल्य चुकाते है ।
  उपभोक्ता (Consumer) तो Consumed हो गया है ।
- ❒ ग्राहक किस पर क्या करें?

क्रमशः

120

तलाश : जागो ग्राहक !

टी० वी०

- टी० वी० खरीदो, तमाशा देखो कम से कम 'दूरदर्शन' तो देखते थे ।
- अब सेटअप वाक्स लगाओ, हर महीने अच्छा खासा पैसा दो, फिर भी सभी चैनेल देख नहीं सकते ।
- बड़ा से बड़ा टी० वी० खरीदो, परन्तु पूरा स्क्रीन शायद ही दिखाई दे, बगल से, नीचे से प्रचार देखते रहो ।

क्रमशः

121

तलाश : जागो ग्राहक !

- लौटेगें 2 मिनट बाद –
  - ❑ 2 मिनट बाद भी एक झलक के बाद पुन: प्रचार देखें ।
  - ❑ चैनेल बदलो तो सभी पर एक ही समय प्रचार देखो ।
  - ❑ यह मनोरंजन है ? जरुरी जानकारी है ? या प्रचार देख कर झल्लाने, मूड खराब करने के बदले पैसे देते रहें, हर माह ।

122

तलाश : जागो ग्राहक – बिजली सेवा

- लगातार सेवा नहीं मिलती है, तो विभाग क्या करे ? ऊपर से फाल्ट है ।
- Voltage उठा पटक से आपके लाखों रुपये के सामान खराब हो जाय, तो विभाग क्या करे? आप कुछ और व्यवस्था करें ।
- कुछ खराबी होने पर कर्मचारी सुविधा शुल्क लें, तो विभाग क्या करे ? आपको नहीं देना चाहिए (ध्यातव्य : घूस देना, लेने के बराबर का दोष है ।)
- यदि गलत बिल है तो पहले चुका दें, फिर कार्यालय का चक्कर लगाते रहें ।
- गलत बिल आया क्यों ? इसके लिए कोई जिम्मेवार नहीं !
- बिल्कुल उपभोक्ता विरोधी कानून है : जागो ग्राहक जागो का नारा लगाओ, कोई देखनेवाला नहीं ।

क्रमश:

123

तलाश : जागो ग्राहक : शिक्षा सेवा/स्वास्थ्य सेवा ।

- खर्च सीधे GDP का X प्रतिशत .. व्यवस्था और स्तर आप सभी जानते हैं ।
- शिक्षा लेना है ?/ कोचिंग करिए, ट्यूशन करिए या प्राइवेट/पब्लिक स्कूल में पढ़िए ।
- नागरिकों का खर्चा ? बजट प्रावधान से 10x या ज्यदा ।
- शिक्षा 'कर' भरिए, आयकर भरिये, सभी टैक्स भरिये और अपनी शिक्षा की व्यवस्था भी आप खुद करिए ।
- स्वास्थ्य सेवा का भी यही हिसाब है ।

क्रमश:

124

तलाश

प्रशासनिक सेवा : जागो ग्राहक जागो !

- कोई डॉक्टरी तो है नहीं कि बदल लें या फिर थाने से लेकर कई प्रकार के कोर्ट जायें ।
- मुहर/अधिकार तो इसी साहब/चपरासी/कलर्क के पास है । आपको अपना काम करवाना है तो झुकिए चाहे, दिजिये, जैसे भी हो ।

Blank Page

आपकी आलोचना, असहमति, सुझाव का स्वागत है ।

सम्पर्क

अतुल कुमार
मो० - 8935885844
H/3, डॉक्टर्स कॉलोनी, कंकड़बाग
पटना - 800 020

प्रणव कुमार चौधरी
मो० - 8969481918

डा० अविनाश प्रसाद
मो० - 9934410252

जितना बन पड़ा है शुद्धी का ध्यान रखा है।
इसे पढ़ने वाले/समझने वाले
गलतियों को स्वयं ठीक कर लेने की कृपा करें।

✧ विनीत एवं क्षमाप्रार्थी
डॉ० विश्वेन्द्र कुमार सिन्हा

तलाश एक आन्दोलन